## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 03.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **प्रतिबंधित/नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए यूपी एसटीएफ व थाना बिसण्डा पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 04 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 60 लाख 45 हजार रुपए कीमत की 250 पेटियों में तीस हजार कोडीन सिरप की शीशी ( तीन हजार लीटर) तथा परिवहन व एस्कॉर्ट में प्रयुक्त 02 वाहन बरामद।**
- **अभियुक्तों द्वारा नई दिल्ली से कोडीन सिरप लाकर उसके कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाकर अतर्रा, बांदा, चित्रकूट व म0प्र0 राज्य के नशे के कारोबार में तस्करी के लिये रैपर को परिवर्तित कर महंगे दामो में करते थे सप्लाई व बिक्री।**

**विवरण**- उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार में संलिप्त तस्करों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने तथा जनपद बांदा को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक बादा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थो/प्रतिबंधित दवाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन ईगल" के क्रम में आज दिनांक 03.09.2026 को यूपी एसटीएफ व थाना बिसण्डा पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा प्रतिबंधित व नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 60 लाख 45 हजार कीमत की 250 पेटियों में तीस हजार कोडीन सिरप की शीशी जिसकी कुल मात्रा तीन हजार लीटर है बरामद कर परिवहन में प्रयुक्त 02 वाहनों को सीज किया है। गौरतलब हो कि जनपद बांदा क्षेत्रांतर्गत यूपी एसटीएफ को कोडीन सिरप के अवैध परिवहन के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके क्रम में आज दिनांक 03.09.2026 को यूपी एसटीएफ व थाना बिसंडा की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर एक डीसीएम गाड़ी को चिंह्ति करके बिसण्डा-अतर्रा मार्ग पर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के उत्तरी गोल चौराहे पर रोका गया है। जिसमें भारी मात्रा में नशीली व प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई थी, जिसमें कुल 250 पेटियों में 100 ml की कुल 30,000 कोडीन सिरप की शीशी बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 3,000 लीटर एवं अनुमानित कीमत ₹60 लाख 45 हजार है। उक्त डीसीएम वाहन को एस्कॉर्ट कर रही एक कार को भी मौके से बरामद किया गया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सीज किया गया है। मौके से 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें डीसीएम चालक भी शामिल है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम और मेरा एक अन्य साथी प्रियांशू उर्फ किशन पुत्र मुन्ना लाल द्वारा नई दिल्ली से कोडीन सिरप लाकर उसके कूट रचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाकर अतर्रा, बांदा, चित्रकूट व म0प्र0 राज्य के समीपवर्ती जिलो में मेडिकल स्टोर के बजाय नशे के कारोबार में तस्करी के लिये कोडीन सिरप के रैपर को परिवर्तित कर महंगे दामो में सप्लाई व बिक्री करते है तथा डीसीएम चालक शेखर उपरोक्त को सकुशल गतंव्य स्थान पर पहुँचाने हेतु ईनाम के रुप में पच्चीस हजार रुपये अलग से तीनो लोग देते है। अभियुक्तों से पूछताछ कर कोडीन सिरप की तस्करी से जुड़े सप्लायर, रिसीवर एवं अन्य व्यक्तियों/गिरोह के संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। पुलिस द्वारा बरामद कोडीन सिरप को कब्जे में लेकर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी-**

- 250 पेटियों में 30000 बोतलें कोडीन सिरप (03 हजार लीटर कोडीन सिरप कीमत 60 लाख 45 हजार )
- 01 डीसीएम वाहन ( परिवहन में प्रयुक्त )
- 01 चार पहिया वाहन (डीसीएम के एस्कॉर्ट में प्रयुक्त )

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. धीरेंद्र पुत्र भगवत प्रसाद निवासी ग्राम नहर पुरवा थाना बिसंडा जनपद बांदा।
2. प्रवीण उर्फ लकी पुत्र स्वर्गीय दयाराम निवासी मोहल्ला लखन कॉलोनी अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा।
3. रोहित पुत्र कालू राम निवासी मोहल्ला रामलीला मैदान अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा।
4. शेखर पुत्र राजकुमार उम्र निवासी ग्राम भैना थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।

**फरार अभियुक्त-**

1. प्रियांशू उर्फ किशन पुत्र मुन्ना लाल निवासी अतर्रा कुशवाहा मैरिज हाल के पास थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 405/26 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 8/21/22/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बिसण्डा जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली की टीम-**

1. थानाध्यक्ष बिसण्डा श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी
2. औषधी निरीक्षक श्री दिव्य प्रकाश मौर्य
3. उ0नि0 एसटीएफ श्री संजय कुमार सिंह
4. उ0नि0 एसटीएफ श्री रणेन्द्र कुमार सिंहs
5. उ0नि0 गिरीश कुमार त्रिपाठी (एसटीएफ)
6. हे0का0 अश्वनी कुमार सिंह (एसटीएफ)
7. हे0का0 संतोष कुमार (एसटीएफ)
8. हे0का0 रोहित सिंह (एसटीएफ)
9. हे0का0 किशनचन्द्र (एसटीएफ)
10. आरक्षी रविकान्त सिंह (एसटीएफ)
11. हे0का0 प्रदीप कुमार थाना बिसण्डा
12. आरक्षी जितेन्द्र कुमार थाना बिसण्डा